राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयन्ती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 24 जनवरी 2019

आज जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयन्ती के अवसर पर महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने बिहार विधान मंडल परिसर, पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपना नमन निवेदित किया।

उक्त राजकीय समारोह में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयन्ती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस समारोह में माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नन्द किशोर यादव, माननीय शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्री श्री कृष्ण नन्दन प्रसाद वर्मा सहित कई विधायकों, विधान पार्षदों, जन–प्रतिनिधियों, सामाजिक–राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों, वरीय प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्यजन आदि ने भी जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन एवं भजन व देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

....